**Regarding road connectivity for villages of Chamba and Kangra districts under PMGSY-Laid**

**डॉ. राजीव भारद्वाज (कांगड़ा) :** पहाड़ी क्षेत्रों के लिए पीएमजीएसवाई योजना के तहत, 250 से अधिक आबादी वाले सभी गांवों को कनेक्टिविटी प्रदान की जाती है । मैं माननीय मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहूंगा कि मेरे लोक सभा क्षेत्र मे दो जिले काँगड़ा और चम्बा आते है । काँगड़ा जिले के 90 तथा चम्बा जिले में अभी भी 146 गांव ऐसे हैं जो निम्नलिखित कारणों से कनेक्टिविटी से वंचित हैं । यहाँ सभी बंजर भूमि, वन भूमि की परिभाषा के अंतर्गत आती है और एफसीए को आकर्षित करती है । निजी व्यक्तियों द्वारा भूमि का उपहार न देना, जिनकी भूमि प्रस्तावित सड़क के संरेखण में आ रही है । हालांकि इस मुद्दे को हल करने के लिए कई प्रयास किए गए हैं ।

मैं अनुरोध करता हूँ कि चंबा को एक विशेष मामला मानते हुए और राज्य में एकमात्र आकांक्षी जिला होने के नाते, सरकार उन मामलों में अनिवार्य भूमि अधिग्रहण के प्रावधान पर विचार करे । जहां निजी भूमि के मुद्दे मौजूद हैं, उन मामलों में तेजी लाने के प्रयास करें तथा जहां सड़क निर्माण के लिए वन भूमि की आवश्यकता है, वहां वन विभाग से सकारात्मक पहल करते हुए उपरोक्त मामले पर कार्यवाही करनें की कृपा करें ।